# मांस विवाद में भाजपा नेता मदन जोशी के परिजनों से मिले विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीते 23 अक्टूबर को मांस प्रकरण मामले में आरोपी बनाए गए बीजेपी के पूर्व नगर अध्यक्ष मदन जोशी के परिवार से क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा नेताओं के साथ उनके निवास पहुंचे।इस दौरान विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी।वही मदन जोशी की धर्मपत्नी ने मीडिया के सामने गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार उन्हें परेशान कर रही है।उन्होंने बताया कि पुलिस कई बार उनके घर आती है।लेकिन महिला पुलिसकर्मी कभी साथ नहीं होती,पुरुष पुलिसकर्मी घर में घुस आते हैं।मदन जोशी की पत्नी ने यह भी दावा किया कि पुलिस दबाव



और तनाव के चलते उनके ससुर को दिल का दौरा पड़ा है।उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

परिवार ने यह भी बताया कि 10 दिसंबर की तिथि वाला एक कुर्की नोटिस उनके घर के बाहर चस्पा किया गया है,उन्होंने कहा कि संबंधी कागजात स्वीकार किए जा रहे हैं,फिर इतनी जल्दबाजी क्यों हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मदन जोशी और उनके परिवार के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने बिना महिला कांस्टेबल के घर में जाकर कार्रवाई की है तो यह गलत है। मदन जोशी के पिता पहले से ही हार्ट के मरीज हैं। वही दूसरी ओर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली में कोतवाल सुशील कुमार से मुलाकात की और निष्पक्ष जांच की मांग की है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि यह कोर्ट का मामला है।इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत, पूर्व सांसद प्रति. निधि नवीन कारगेती,पूरन नैनवाल आदि मौजूद रहे।

# एकता पदयात्रा में ली स्वदेशी संकल्प की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रामनगर में आयोजित एकता पदयात्रा शिवलालपुर चुंगी से कानिया तक पद यात्रा को निकाला गया है। वही यात्रा में विधायक दीवान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता मे पार्टी के कार्यकर्ताओ को स्वदेशी संकल्प की सामूहिक शपथ सभी को दिलाई गई है।

कार्यक्रम संयोजक शांति मेहरा ने बताया कि इस पदयात्रा का समापन्न कानिया मे किया गया।इस दौरान पार्टी मे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने भागीदारी की है।इस दौरान यात्रा मे विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, इंदर सिंह रावत, गणेश रावत, राकेश नैनवाल, दिनेश मेहरा, शिशुपाल सिंह रावत, विपिन कांडपाल, मनोज पांडे, अशोक गुप्ता, पूरन नैनवाल, नवीन करगेती, सलभ मित्तल, संजय डोर्वी,मनमोहन बिष्ट, कुलदीप महेश्वरी,राम भरोसे लाल डबल, अंजना सुंदर्याल माया रावत, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट आदि थे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** पैदल जा रहे एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को 60 वर्षीय माशूक खान पुत्र कमालुद्दीन खान पीलीभीत रोड में ग्राम मलपुरी के पास पैदल जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में माशूक खान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि माशूक खान एकल जिंदगी जीते थे। मृतक के भतीजे जाहिद खान और मजीद मौके पर पहुंचे।

### दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से ट्रांजिट कैंप श्मशान घाट रोड पर एक साइकिल और पंखा रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया।

दुकान के मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि वे रात करीब आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। खाने के बाद परिवार सहित सो गए। देर रात अचानक उन्हें जलने की बदबू आई, जब वे बाहर आए तो दुकान से धुआं उठ रहा था। शटर उठाते ही आग भड़क चुकी थी। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, और परिवार के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आसपास के लोग भी एकत्र हुए और नलों तथा पास ही बह रहे नाले से पानी लेकर 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। सुरेश कुमार के अनुसार आग से उनकी दुकान में रखी साइकिल, पंखे और अन्य सामान पूरी तरह जल गए हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई है, जबकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### गन्ने का पेराई सत्र शुरू होने के बाद भी मूल्य निर्धारण नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चीनी मिलों का उत्तराखंड में पिराई सत्र शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है। जिस कारण किसान सुविधा में हैं कि सरकार चालू गन्ना सत्र में मूल्य वृद्धि करेगी अथवा गत वर्ष के निर्धारित मूल्य 375 रुपया प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीद करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर निर्धारित होने वाले उत्तराखंड के किसानों को गन्ने का मूल्य दिया जाता है । तब किसान राहत महसूस करेंगे ।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने बताया कि चीनी मिल सितारगंज को गन्ना पिराई करते लगभग एक महीना होने को है लेकिन अभी तक गन्ने का चालू सत्र में मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है। इधर मझोला – खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति अध्यक्ष बलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि यूपी में गन्ने का मूल्य 390 रुपये एवं 400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। लगभग इसी के आसपास उत्तराखंड सरकार भी गन्ने का मूल्य निर्धारित करेगी । पिराई सत्र शुरू होने के बाद भी गन्ने का मूल्य निर्धारण नहीं होने से गन्ना उत्पादक किसान असमंजस की स्थिति में हैं।

### 40 पाउच कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा नशा/अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर, कोतवाल जसपुर के निर्देशन में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नादेही इंचार्ज संतोष देवरानी द्वारा मुखबिर की सूचना पर मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान कट्टे में सामान ले जा रहे युवक को रुकने का इशारा किया पुलिस को देखकर वह हड़बड़ा गया। पुलिस द्वारा उसे रोक कर तलाशी ली गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रूप किशोर सिंह पुत्र घसीटा सिंह निवासी पूरनपुर थाना जसपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक सफेद रंग के कट्टे में 40 पाउच कच्ची शराब के साथ बरामद हुए उसे गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कराकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष देवरानी, हेड कांस्टेबल देशराज सिंह, कांस्टेबल प्रणय राठी, अशोक कुमार, दीपक जलाल शामिल रहे।

### श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा–2025 का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा 2025 का समापन समारोह पर विजेता टीम को मेडल पहनाकर व पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मार्च पास सलामी होने के बाद आखिरी दिन 200 मीटर , 400 मीटर एवं 800 मीटर रेस जैवलिन थ्रो, रिले रेस एवं पूरी खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट वॉलीबॉल बैडमिंटन, लॉग जंप, हाई जंप,कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग विभाग,फार्मेसी विभाग,पॉलिटेक्निक विभाग एवं बीए, बीएससी, बीएड विभाग के छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया निर्णायक समिति द्वारा सभी विजेता टीमों के परिणाम घोषित कर दिए गए खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा 2025 के समापन पर सर्व प्रथम कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सिंह चौहान द्वारा मुख्य अतिथि चौहान ग्रुप का इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर विजेंद्र सिंह चौहान,यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर को भी सम्मानित करके किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि और संस्थान के अध्यक्ष राज. कुमार सिंह द्वारा सभी विजेताओं को मेडल पहनकर सम्मानित किया और अंत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डायरेक्टर डा. अवनीश कुमार, प्राचार्य परविंदर शर्मा, प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक अतुल शर्मा, डा. विनोद कुमार मोहम्मद सलमान, पंकज कुमार, तरुण सहगल,सल्तनत,विनीता, मोहित, मयंक, फरमान, मानस, नीमा, पूजा, निदा कुरैशी, शिवम, प्रशांत, अमित, नौशाद, काजल, निधि, दीपेंद्र, रोहित, नरेंद्र, संदीप, राखी, काजल समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शनिवार को विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गंगापुर रोड़ रुद्रपुर में विद्यालय के सस्थापक स्व. गिरीश कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में विद्यालय के मुख्य प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल द्वारा 17 वें वर्ष भी विभिन्न स्कूलों की एक 'लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025' का आयोजन किया, जिसमें शहर के 25 प्रतिष्ठित स्कूलों के 245 छात्र–छात्राएं सम्मिलित हुए।



लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 को सफल बनाने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्या डा. श्वेता मधवाल ने सभी विद्यालय से आए हुए सभी प्रबन्धकों प्रधानाचार्यो, अध्यापक–अध्यापिकाएं सहित अभिभावक का धन्यवाद किया। स्व. गिरीश कुमार श्रीवास्तव मेमो. रियल लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025' में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों में दी आक्सफोर्ड एकेडमी, स्टोन रिज इण्टरनेशनल स्कूल, पुलिस माडर्न स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, ट्रेण्डर सोल्स पब्लिक स्कूल, ईएलपीएस स्कूल, भंजुराम अमर इण्टर कालेज, अमर इण्टरनेशनल स्कूल, माम्स प्राइड स्कूल, जनता इण्टर कालेज, गुरुकुल इण्टर कालेज, आस्था जूनियर हाईस्कूल, इण्यिन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, शील विद्या निकेतन जूनियर हाईस्कूल, विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, आशुतोष विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, शिव सर्च इण्टर कालेज, ग्रीन वर्ल्ड हाई स्कूल, जीएसएम पब्लिक स्कूल, किड्स करियर पब्लिक स्कूल, डीजिटल वर्ल्ड स्कूल, नवप्रभात विद्या मन्दिर जूनियर हाईस्कूल, गोल्डन ड्रीम पब्लिक स्कूल, केशव विद्या मन्दिर, रविन्द्र जूनियर हाईस्कूल सहित विभिन्न स्कूल के छात्र–छात्राओं के साथ अध्यापक–अध्यापिकाए सहित अभिभावक उपस्थित थे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल, उषा मिश्रा, नरेन्द्र सिंह रावत, देव मण्डल, टीना दास, अजय मिश्रा, पूनम आर्या, विमल चौधरी, मंजू नेगी, निधि पाण्डेय, प्रेमलता सिंह, गीता अधिकारी आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# हमारी संस्कृति और परंपराओं पर होना चाहिए गर्वः राय

**■ आरएएन स्कूल में हुआ ''आरएएन विरासत'' का शानदार आयोजन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल द्वारा इंटर–ब्रांच डांस एवं पौराणिक नाट्य प्रतियोगिता ''आरएएन विरासत'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय उनकी धर्मपत्नी एवं विद्यालय की आध्यात्मिक शक्ति मधु राय, विशिष्ट अतिथि स्कूल डायरेक्टर मोहित राय एवं एडमिनिस्ट्रेटर निधि राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यन्यायाधीश दीपिका एवं मध ुमित्तल, तथा प्राचार्या (भूरारानी शाखा) भावना भनोत एवं प्राचार्या (डिबडिबा शाखा) ममता बिष्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही।

भूरारानी शाखा की प्राचार्या भावना भनोत ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय के संस्थापकों के प्रेरणादायी योगदान तथा स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दोनों शाखाओं के विद्यार्थियों द्वारा समकालीन एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही भारत की समृद्ध पौराणिक विरासत, संस्कार, एवं सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती नाटिकाओं का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य तथा पौराणिक नाट्य प्रतियोगिता दोनों में विजेता आरएएन पब्लिक स्कूल, भूरारानी घोषित हुआ। मुख्य अतिथि विंग कमांडर एचके राय कहा कि आज क`विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं के गौरव को समझना और उस पर गर्व करना आवश्यक है। यह हमारी अनमोल विरासत है, जिसे हमें संजोकर रखना है। विशिष्ट अतिथि स्कूल डायरेक्टर मोहित राय ने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा हमें जो विरासत मिली है वह अद्वितीय और अनुपम है। इसे संरक्षित करना एवं आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। अंत में डिबडिबा शाखा की प्राचार्या ममता बिष्ट ने सभी अतिथियों को उनके मूल्यवान समय एवं मार्ग दर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी को बधाई दी। कार्यक्रम देश की संस्कृति और मूल्यों को आत्मसात करने का प्रेरक माध्यम सिद्ध हुआ।

# नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसेगी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बाजार पुलिस अब नशा कारोबारियों पर शक्ति से शि. कंजा कसेगी। खटीमा शहर को अवैध नशा से मुक्ति मिलेगी।

खटीमा बाजार चौकी में सामान्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खटीमा शहर के व्यापारियों ने पहुंच कर बैठक में विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की और शहर में बिक रही कच्ची शराब,स्मैक, गंभीरता से अंकुश लगाया जाए। तथा बाहर से आने वाले मजदूरों का सत्यापन हो व पुलिस द्वारा बीच बाजार में चेकिंग चालान काटने की प्रक्रिया पर रोक लगे साथ ही बाजार में जगह–जगह खड़े भारी वाहनों पर भी अंकुश लगाया जाए।

इस दौरान बैठक में कोतवाल वीरेंद्र शाह, बाजार चौकी इंचार्ज जीवन सिंह चुफाल, प्रशासक कामिल खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर, दिनेश अग्रवाल, नासिर खान, बबलू सैफी, रवीश भटनागर, अरुण सक्सेना, जीशान ओवैसी आदि थे।

# पीपीएनटी कॉलेज के वार्षिकोत्सव की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज का 43वा वार्षिक उत्सव 29 नवंबर को मनाया जाएगा इसको लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है मीडिया से बात करते हुए प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव को गत वर्षो की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा।

इसमें भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर के प्रोफेसर और डीन डॉक्टर कुणाल के. गांगुली मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व भाजपा नेता डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल मौजूद रहेंगे उन्होंने बताया कि वार्षिक उत्सव दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा।

# डायनेस्टी गुरुकुल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता को चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा ने विज्ञान महोत्सव नाटक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में 19 से 21 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नाटक की टीम आगामी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु चयनित हुई है। वहीं टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र व जिले को गौरांवित किया। नाटक टीम में नंदिनी, प्रज्ञा, शगुन, वंश,खुशी, दिव्यांशु, राहुल, हिमांशी छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नाटक का निर्देशन सुरेश ओली व कु. वैष्णवी द्वारा किया गया। विद्यालय की विज्ञान नाटक टीम राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं सांसद अजय भट्ट, उपस्थित अधिकारियों व आयोजक मंडल द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। खंड संयोजक निर्मल सिंह न्योलिया द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों



की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, जिला समन्वयक विनीता जगदीश चौधरी, विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, डॉ. बलवंत ऐरी, चंदन बोरा, दिगंबर भट्ट, हरीश भट्ट, रमेश जोशी व समस्त विद्यालय परिवार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# मनरेगा के लंबित लगभग नौ करोड़ के मध्य 45 लाख का भुगतान मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत सरकार से मनरेगा योजना के लंबित भुगतान मध्ये खटीमा विकासखंड को 45 लाख रुपये निर्गत हुए हैं। विभागीय रिकार्ड की मानें तो वर्ष 2024 – 25 एवं 25– 26 में विकासखंड के अंतर्गत लगभग 9 करोड रुपये के विकास कार्य संपन्न कराए गए थे ।

खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि लंबित मनरेगा के भुगतान मध्ये 45 लाख रुपए मिल चुके हैं। लंबित भुगतान मध्ये 8 करोड़ 63 लाख रुपये शेष हैं। इधर मनरेगा के पिछले लंबित भुगतान के चलते ग्राम पंचायतों में किसी भी प्रकार के मनरेगा के कार्य संपन्न नहीं हो पा रहे हैं । प्रत्येक ग्राम सभा के होने वाले निर्धारित मनरेगा के 20 कार्यों का पोटल बंद चल रहा है।

वर्ष 2024 – 25 व 25 –26 के मनरेगा के लगभग 9 करोड़ रुपये का भुगतान कराने बाबत ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का एक शिष्ट मंडल हल्द्वानी में पिछले महीने सांसद अजय भट्ट से मिला था। सिस्टम मंडल ने अभिलंब मनरेगा के लंबित भुगतान कराने की मांग की थी। बीडीसी सदस्य एवं ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों को सांसद अजय भट्ट ने अभिलंब कार्यवाही का आश्वासन दिया था।

# एचएनबी महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा मे रविवार को शहीद उधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट, सितारगंज तथा समस्त महाविद्यालय परिवार के संयुक्त सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह और सेवा भावना का परिचय देते हुए लगभग 40 यूनिट जीवनदायी रक्तदान किया। हर दान की गई यूनिट, थैलेसीमिया, कैंसर एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवन दान साबित होगी। इन अमूल्य रक्त इकाइयों को न्यू



लाइफ लाइन चौरिटेबल ब्लड बैंक, खटीमा द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से ट्रस्ट नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के अभियान को सतत जारी रखे हुए है और आज आयोजित यह शिविर ट्रस्ट का 36वां सफल रक्तदान कैंप है। निरंतर सेवा और मानवीय कार्यों के कारण ट्रस्ट आज क्षेत्र में विश्वास, समर्पण और उम्मीद का प्रतीक बन चुका है। शि. विर का संचालन ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. नीलम ज्वाला एवं मेडिकल टीम ने किया। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉक्टर पंकज कुमार, डॉ आशुतोष कुमार, डॉ सुरेंद्र तथा ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष गुरवीर सिंह में शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं अध्यक्ष गुरवीर सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। यह वह पुण्य है जो किसी भी कीमत पर नहीं खरीदा जा सकता। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से अपनी जान न गंवाए।

वहीं महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और एकजुटता का भी संदेश देते हैं।

इस मौके पर ट्रस्ट के नवीन जोशी, गुरविंदर मोमी, अमित बोरा, विकास चंद्र, नकुल भट्ट, महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थी, डॉक्टर टीम व समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वैष्णो देवी मंदिर, वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी का पावन स्थान), आदर्श कालोनी में परम पूजनीय ब्रह्मल. ीन श्रीमद् वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती महाराज के प्रथम निर्वाण दिवस को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस पुण्य अवसर पर वैष्णो भजन मंडल एवं समस्त सेवादारों के सहयोग से प्रात: 10:00 बजे से संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ हरिधाम मंदिर के महंत मनीष सलूजा द्वारा किया गया, जिससे पूरा मंदिर राममय हो गया। तत्पश्चात संत समागम में सितारगंज दुर्गा ज्योतिपीठ से पधारी शांतेश्वरी माता , मनक. ामेश्वर मंदिर से स्वामी नारायण चैतन्य महाराज , तुलसीधाम मलसा से राजेंद्र महाराज , अनंत प्रेम आश्रम से निष्ठानंद बाई जी , भूरारानी कुटिया से कंचन बाई , भजनगढ़ गुरुद्वारा से महंत विक्रम बाबा ने प्रवचन कर संगत को निहाल किया, जिसके बाद विशाल भंडारे का दिव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, श्रद्धालु भक्तों तथा संपूर्ण रुद्रपुर नगर व आस पास के शहरों सहित दिल्ली , हरियाणा, उत्तरप्रदेश आदि स्थानों से भक्तों ने भावपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, सतनाम सिंह, नरेश घई, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर , किच्छा विधायक तिलक राज बेहड, कस्तूरी लाल तागरा , संजय जुनेजा , संजय ठुकराल , सुशील गाबा, अमित नारंग, सुषमा अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल , योग गुरु अशोक कालरा, महेश बब्बर, लक्ष्य शर्मा, अनिल शर्मा,



मीना शर्मा , मदन लाल, प्रीत ग्रोवर , एडवोकेट नरेश छाबड़ा,प्रीति ग्रोवर, गुलशन नारंग, जतिन नागपाल, अश्वनी बजाज, कृष्णादेवी मंदिर किच्छा से बबली, लक्की, प्रेम आश्रम जाफरपुर से राजकुमार , जगदीश सुखीजा, गगन वाधवा, गौरव गुंबर, जिगर गुंबर, मदन, कैलाश अग्रवाल, सुरेंद्र मिड्डा, कमल व अन्य लोग मौजूद थे।

# खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** एसके पब्लिक स्कूल मझोला में तीन दिवसीय अंतर विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के द्वतीय दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीलीभीत भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह तथा पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर मालयार्पण कर किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

खो-खो प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में मोहिन्दर सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल व नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा तथा ट्रेफोर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर तथा सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकी फार्म के बीच मुकाबला हुआ जिसमें नोजगे पब्लिक स्कूल खटीमा तथा ट्रेफोर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर ने विजयी प्राप्त की। खो-खो प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर बालिका वर्ग में नालंदा पब्लिक स्कूल को हराकर अल्कैमिस्ट अकैडमी विजयी रहा। खो-खो प्रतियोगिता के अंतर्गत सीनियर बालिका वर्ग में होली कृष्णा कालेज दिनेशपुर को हराकर गोशन पब्लिक स्कूल ने विजय प्राप्त की तथा नालंदा पब्लिक स्कूल को हराकर नोजगे



पब्लिक स्कूल-एच ने विजय प्राप्त की। कबड्डी प्रतियोगित के अंतर्गत जूनियर बालक वर्ग नोजगे को हराकर मोहिन्दर सिंह मेमोरियल पीएस ने विजय प्राप्त की। कबड्डी प्रतियोगित के अंतर्गत सीनियर बालक वर्ग में मोहिन्दर पब्लिक स्कूल को हराकर अलक्ष्या पब्लिक स्कूल ने जीत प्राप्त की। रस्सा-कस्सी में सीनियर बालिका वर्ग में स्प्रिंगडेल को हराकर मोहिन्दर सिंह पब्लिक स्कूल तथा होली कृष्णा कालेज को हराकर लिटिल एंजिल ने जीत प्राप्त की। रस्सा-कस्सी सीनियर बालक वर्ग में अकाल अकैडमी व एसके पब्लिक स्कूल मझोला को हराकर डायनेस्टी मोर्डन गुरुकुल अकैडमी ने जीत प्राप्त की। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार का पुतला फूंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मजदूरों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोलते हुए मालिकों के हित में 44 श्रम कानून को खत्म करके लेबर कोड लागू कर दिया गया। मजदूरों पर इस बड़े हमले के खिलाफ आज श्रमिक संयुक्त मोर्चा उधम सिंह नगर के नेतृत्व में गांधी पार्क में मोदी सरकार और लेबर कोड का पुतला दहन किया गया और 4 लेबर कोड रद्द करने की मांग की गई।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बिहार चुनाव में सफलता से और बेखौफ होकर मोदी सरकार हर तरीके से मजदूर वर्ग पर हमला और तेज कर दिया। देश की मेहनतकश मजदूर आबादी को धर्म और सां.प्रदायिकता के नाम पर बांटकर नफरत के रथ पर सवार होकर मजदूर वर्ग पर अब तक का यह सबसे बड़ा हमला बोला है जिसका




पूरे देश की मेहनतकाश जनता पुरजा.र तरीके से विरोध कर रही है।

चार श्रम संहिताओं के मूल में है 'हायर एण्ड फायर' यानि मालिकों की मर्जी, जब चाहो काम पर रक्खो, जब चाहो निकाल दो! काम के घंटे मालिक की मनमर्जी होगी। अवक.ाश, कार्य के घंटों आदि की हेरा फेरी की गई है। ठेका प्रथा कानूनी बन जाएगा। ट्रेनी के नाम पर 'फोकट के मजदूरों से काम करना वैध होगा। छांटनी-बंदी आसान होगी, यूनियन बनाना, आंदोलन और समझौता लगभग असंभव होगा। श्रम न्यायालय खत्म होंगे और श्रम अधिकारी फैसिलिटेटर होंगे, जिनका काम सलाह देना होगा। असंगठित क्षेत्र के मजदूर और असुरक्षित होंगे।

इस दौरान कार्यक्रम में श्रमिक संयुक्त मोर्चा के महासचिव चंद्र मोहन लाखेड़ा, सीएसटीयू के मुकुल, धीरज जोशी भाकपा माले के ललित मटियाली, एक्टू की अनीता अन्ना, उत्तम, कारोलिया लाइटिंग इंप्लाइज यूनियन के हरेंद्र सिंह, एलजीबी वर्कर्स यूनियन के गोविंद सिंह, अर्कू वियवास आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मेसर्स सिंघल ब्रदर्स ने लिया दुकान संख्या सी- 7 पर कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर ने मेसर्स सिंघल ब्रदर्स दुकान संख्या सी- 7 को कब्जे में ले ली। शनिवार को प्रशासक कृषि उत्पादन मंडी समिति / उपजिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार मनीषा मकराना, मंडी सचिव सहील अहमद आढ़तियों एवं व्यापारियों की मौजूदगी में मै. सिंधल ब्रदर्स दुकान संख्या सी-7 को कब्जे में ले लिया है। मंडी सचिव सहील अहमद ने बताया कि उक्त दुकान पर दोनों साझेदारो में विवाद चल रहा था। मंडी समिति द्वारा काफी प्रयास किए जाने पर भी समझोता नहीं हुआ, मंडी समिति ने फर्म द्वारा कोई मंडी से सम्बंधित कारोबार नहीं करने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।लाइसेंस निलंबित के उपरांत उक्त फर्म का लाईसेंस निरस्त कर दिया ,जिसको लेकर फर्म का एक पार्टनर आशुतोष कुमार अग्रवाल उच्चतम न्यायालय नैनीताल गए हैं।उच्चतम न्यायालय नैनीताल द्वारा प्रबंधन निद.शक, उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड रूद्रपुर में अपील करने को कहा है।आशुतोष कुमार अग्रवाल द्वारा अपील की गई प्रबंधन निदेशक ने दोनों पक्षों को सुनें के उपरांत सचिव मंडी समिति रामनगर द्वारा की गई कार्रवाई को उचित मानते हुए सचिव मंडी समिति को अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए।इस दौरान तहसीलदार मनीषा मकराना, मंडी सचिव सहील अहमद प्रभारी वरिष्ठ सहायक नरेंद्र प्रकाश पंत, मंडी सहायक सुरेन्द्र सिंह, व्यापारी गण दीप कुमार जोशी, अंकुश अग्रवाल,तोफीक उर रहमान, अमित कुमार, शान अहमद आदि की उपस्थिति में दुकान को मंडी समिति ने कब्जा लिया।मौके पर सभी सामग्री की फर्द तैयार कर ली गई है।



### सलीम हत्याकांड के खुलासे पर हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पूंछड़ी क्षेत्र में विगत 13 नवम्बर को हुए सलीम हत्याकांड के खुलासे के लिये हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन को नैनीताल एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर समान्नित किया गया। बता दे कि विगत 13 नवंबर को रियाज पुत्र सलीम अली निवासी फौजी कालोनी रामनगर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया था कि 12 नवंबर की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पिता सलीम के सिर पर वार कर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस रामनगर ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।मामले में कोतवाल सुशील कुमार द्वारा टीम गठित कर की गई। हेड कॉन्स्टेबल तालिब हुसैन द्वारा जांच कर पता लगाया कि घटना में मृतक के बड़े लड़कों का हाथ है जिनके द्वारा अपने पिता को पुश्तैनी जमीन बेचने व हिस्सा न देने के कारण रात में अपने गांव से रामनगर आकर पिताजी को मौत के घाट उतार दिया। उक्त घटना में आरोपी मृतक के ही पुत्र नईम पुत्र शेर अली व नाजिम पुत्र शेर अली निवासी गण ग्राम महेशपुर थाना भगतपुर टांडा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा भी बरामद किया गया। इस खुलासे में हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन की बेहतरीन कार्यप्रणाली से खुश होकर सीओ रामनगर सुमित पांडे व कोतवाल सुशील कुमार की संस्तुति पर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटीमनोज कत्याल आदि मौजूद रहे।



# एसडीएम ने किया सीएससी सेंटरों का औचक निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न CSC (कॉमन सर्विस सेंटर) का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान CSC सेंटर (स्वामी: गिरीश चन्द्र पाठक) दुकान का नाम प्रदर्शित नहीं पाया गया। फ्रेंड्स साइबर सिस्टम्स (स्वामी: प्रकाश चन्द्र) रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं की गई थी। उर्वी साइबर (स्वामी: विजय कुमार पंगे.रिया) रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं थी। इसके अतिरिक्त, उक्त केन्द्रों पर रजिस्टर नियमित रूप से मेंटेन नहीं पाए गए तथा ओरिजनल दस्तावेजों की स्कैनिंग के बाद उनकी फोटोकॉपी सुरक्षित रूप से संरक्षित नहीं की जा रही थी। उपजिलाधिकारी सदर ने सभी संबंधित CSC संचालकों को निम्न निर्देश दिए कि सभी रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित तरीके से रजिस्टर मेंटेन किया जाए। रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए। ओरिजनल दस्तावेज स्कैन करने के उपरांत उनकी फोटोकॉपी सुरक्षित रखी जाए। प्रत्येक आवेदन पर आवेदक का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। किसी भी प्रमाणपत्र के निरस्त होने की स्थिति में आवेदक को तत्काल सूचना दी जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विजय गोस्वामी एवं राजस्व विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# महिला की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

- लाठी -डंडे , फावड़ा लेकर मारपीट और डीजल से जला देने की धमकी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** भूमि को लेकर उपजे विवाद में थाना क्षेत्र की ग्राम बिडौरा निवासी महिला रोशनी जन्तवाल बोरा की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम धूमखेडा निवासी आलम सिंह ,गुरराज सिंह, संदीप कौर व एक अन्य सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सौंपी तहरीर में रोशनी जन्तबाल बोरा ने आरोप लगाया हैं की वह ग्राम बिडौरा की रहने वाली है। वह 21 नवंबर 2025 को अपने पति कैलाश सिंह बोरा , जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्भल व ग्राम प्रधान धूमखेड़ा जसवन्त सिह व गांव के कुछ अन्य व्यक्ति के साथ खेत की सफाई करने लगे तो इतने में आलम सिंह, उसका भाई गुरराज सिंह, उसकी बेटी संदीप कौर व गुरराज सिंह की बेटी उसके खेत पर आ धमके। आलम सिंह अपने हाथ में डीजल का जरीकेन, गुरराज सिंह अपने हाथ में फावड़ा लिए, आलम सिंह की बेटी अपने हाथ में एक मसाल व गुरराज सिंह की बेटी डंडा लेकर आए और आते ही ये सभी लोग मुझसे व मेरे पति को गंदी-गन्दी गालिया देते हुए कहने लगे कि ये खेत हमारा है। हम देखते हैं तुम यहां बुआई कैसे करते हो। टैक्टर लेकर आओगे तो हम तुम्हें और टैक्टर दोनों को आग लगा देंगे।

भास्कर सम्भल एवं अन्य उपस्थित लोगों ने उक्त सभी को समझाने की काफी कोशिश की परन्तु वह नहीं माने और हमारे साथ लाठी -डंडे ,फावड़ा लेकर मारपीट को उतारु हो गए और डीजल से जला देने की धमकी देते हुए हम पर जमीन की रंजिश के कारण जान से मारने की नियत से डीजल डालने लगे जिससे हम जिन्दा जल जाए। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 109 ,115 ,131, 351( 2) 351 (3) 352 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

## पीड़िता ने सीएम व एसडीएम से भी की थी धोखाधड़ी करने की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** पीड़िता रोशनी जन्तवाल बोरा ने मामले में पुलिस को दी तहरीर में कहा है। की उसने एक प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री व सितारगंज के उप जिला अधिकारी को देकर कहा था कि वर्ष 2014 में ग्राम उसने ग्राम धूमखेड़ा निवासी आलम सिंह पुत्र हरनाम सिंह से ग्राम धूमखेड़ा स्थित रजिस्ट्री भूमि सवा सात बीघा जोकि 27 लाख रुपये में खरीदी थी।

आरोप है कि आलम सिह ने भूमि बिक्री के समय खेत नवम्बर 222 बताकर उक्त भूमि उसे दिखाई गई जिसकी रजिस्ट्री व कब्जा दिया गया। भूमि पर काबिज रहकर वह उसपर खेती करती आ रही हैं,महिला का आरोप हैं कि वर्ष जून 2025 में आलम सिंह के मन में लालच आ गया और वह उसकी काबिज भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने लगा । इस विषय में उसने आलम सिंह से बात की गई तो पीड़िता के सामने आया कि आलम सिंह ने उसे खेत नंबर 198/4 बिक्री किया है और कब्जा भी इसी खेत का है । धान फसल की बुआई के समय से ही आलम सिंह ने उस वर्तमान काबिज खेत नंबर 198/4 को छोड़कर रजिस्ट्री में दर्ज खेत संख्या 222 में जाने की धमकिया देने लगा । जो कि पहले से आलम सिह के बड़े भाई गुरबाज सिंह ने किसी अन्य व्यक्ति को बेची गई है । जिस पर वह व्यक्ति 20 वर्षों से काबिज है। पीड़िता को स्वयं के साथ धोखाधड़ी होने का एहसास होने पर उसने इसकी सितारगंज के उपजिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से की मामले की जांच में पीड़िता की काबिज भूमि 222 न होकर 198/4 पाई गई । आरोप है कि आलम सिंह ने उसके साथ धोखाधड़ी कर गलत रजिस्ट्री कर उसके साथ बेईमानी की है।

# रामनगर में शांतिपूर्वक संपन्न हुई डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2025

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा द्वितीय 2025 शनिवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई,परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल में कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं,परीक्षा केंद्रों के भीतर और आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।शनिवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि रामनगर में कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थेख्रएमपी हिंदू इंटर कॉलेज,जीआईसी रामनगर,जीजीआईसी रामनगर बनाए गए।उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर कुल 769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 630 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस प्रकार परीक्षा में लगभग 82% उपस्थिति दर्ज की गई, जो प्रशासन के अनुसार संतोषजनक रही।

परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार ने व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की।उन्होंने बताया कि केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल मौजूद रहा और परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया।एसडीएम ने बताया कि रामनगर में डीएलएड प्रवेश परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से आयोजित हुई,सभी केंद्रों पर सुरक्षा के उचित इंतजाम किए गए थे। परीक्षा कराने वाली टीम ने भी सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल या सुरक्षा उल्लंघन की कोई शिकायत नहीं मिली, परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो सकी।स्थानीय प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छता, सुरक्षा, पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए थे। केंद्राधीक्षकों और पर्यवेक्षकों को भी परीक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए थे। कुल मिलाकर रामनगर में आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2025 प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के कारण पूरी तरह सफल और शांतिपूर्ण रही।

# आईटीबीपी-पशुपालन विभाग की अनोखी पहल

- साझेदारी ने बदली सीमांत गांवों की तस्वीर
- स्थानीय उत्पादों को मिला स्थायी बाजार
- 36वीं बटालियन ने की 800 बकरियों की खरीद, ग्रामीणों की आय में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** अगर अधिकारी दूरदर्शिता और संवे.दनशीलता से कार्य करें, तो पहाड़ की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगती। उत्तराखंड के पशुपालन सचिव डॉ. पुरुषोत्तम और आईटीबीपी के आईजी संजय गुंन्याल की समान सोच और जुगलबंदी ने सीमांत इलाकों में विकास का नया अध्याय लिख दिया है।

दोनों अधिकारियों की पहल से प्रधानमंत्री के 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को जमीनी स्तर पर साकार रूप मिला है। अब सीमावर्ती गांवों के बकरी पालकों और उत्पादकों को स्थानीय स्तर पर ही स्थाई बाजार मिल रहा है, वह भी आईटीबीपी जैसी बड़ी संस्था के रूप में। आईटीबीपी की विभिन्न चौकियों ने यहां के स्थानीय उत्पादनख्रचाहे कृषि उत्पाद हों या पशुपालन आधारित को अपनाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी जलवायु में तैयार होने वाले जैविक उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और स्वाद ने इन्हें जवानों की पहली पसंद



बना दिया है। इससे ग्रामीणों की आमदनी बढ़ रही है और पलायन पर भी लगाम लग रही है। लोहाघाट क्षेत्र में बकरी पालन कार्यक्रम अब तेजी से पंख पसार रहा है। आईटीबीपी की 36वीं बटालियन ने 800 बकरियों की बड़ी खरीद कर स्थानीय स्तर पर बकरी पालन को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया है। नेपाल सीमा से लगे मढुंवा गांव के हिमेश सिंह पुल्ला की मीना देवी तथा ठांटा गांव के नवीन चंद्र ने स्वस्थ बकरियों की आपूर्ति की। बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण पशुपालन विभाग और आईटीबीपी अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया।

स्थानीय उत्पादकों का कहना है कि सरकार की यह पहल उनके लिए वरदान साबित हो रही है। नियमित बाजार मिलने से उनके मनोबल और आय दोनों में बढ़ोतरी हुई है। 36वीं बटालियन के कमांडेंट संजय कुमार इस कार्यक्रम को लेकर खासे उत्साहित हैं। उन्होंने किसानों को प्रेरित करने के लिए बटालियन परिसर में कई डेमो एवं जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू कर दिए हैं, जिनका लाभ ग्रामीणों को मिलना शुरू हो गया है।

# जिलेभर में परिवहन विभाग का सख्त एक्शन

- पहले दिन 147 चालान, 118 डीएल निलंबित
- अनधिकृत बत्ती, ओवरलोडिंग और फिटनेस उल्लंघन पर तुरंत सीज
- सुरक्षित यातायात के लिए दो दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग चम्पावत द्वारा 21-22 नवम्बर को जिलेभर में दो दिवसीय सघन मोटर वाहन-जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले ही दिन विभाग ने बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए यातायात अनुशासन को लेकर सख्त संदेश दिया है। एआरटीओ मनोज बगोरिया ने बताया कि शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर व्यापक चेकिंग की गई। नियंत्रण कक्ष से लेकर प्रमुख मार्गों पर संयुक्त टीमों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर तत्परता से कार्रवाई की।

पहले दिन की कार्रवाई में कुल 147 चालान, 118 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन, 4 ओवरलोडिंग के मामले, 80,000 कम्पाउंडिंग शुल्क, तथा 4 वाहन सीज किए गए। पहले दिन उल्लंघन में हेलमेट-114, सीट बेल्ट-13, एंट्री सेस-03, टैक्स-08, परमिट-03, नो



डीएल-03, मोबाइल उपयोग-01, अनधिकृत क्रैश गार्ड-01, आदेश उल्लंघन-04, एचएसआरपी-03, इंश्योरेंस-02, रोड सेफ्टी उल्लंघन-02, अनकवर्ड गुड्स व्हीकल-01, ओवरलोडिंग (गुड्स)-03, ओवरलोडिंग (पैसेंजर)-03, ओवरलोडिंग (टू-व्हीलर)-01, ओवरसाइज लगेज-01, नॉइज पॉल्यूशन-01 तथा फिटनेस-01 मामले दर्ज किए गए। एआरटीओ ने साफ कहा कि अभियान के दौरान लाल/नीली बत्ती, गैरकानूनी सायरन/हूटर, बिना फिटनेस, बिना वैध परमिट चल रहे वाहनों पर विशेष सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिटनेस प्रमाणपत्र न होने या बिना परमिट पाए जाने पर वाहन तत्काल सीज किया जाएगा। विभाग ने बताया कि यह सघन चेकिंग अभियान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वाहन चालकों से नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनने की अपील की गई है।

# ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल की लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करते हुए सफलता की सूची में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि सीबीएसई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय इंटर स्कूल साइंस एग्जीबिशन में दून इंटरनेशनल स्कूल देहरादून किया गया।विद्यालय ने लगातार दूसरे वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।जूनियर वर्ग में प्रतिभाशाली विद्यार्थी रक्षित पंत और जीवनज्योति कौर ने "मेडिसिन रिमाइंडर एवं स्पिल डिवाइस" तैयार किया, जिसका उद्देश्य मानवीय चिकित्सा निर्भरता को कम करना है। यह प्रोजेक्ट रंजीता कबड़वाल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया और अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।सीनियर वर्ग में छात्र हिमांशु पांडे और एक अन्य ने बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक तैयार कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की। यह मॉडल श्री पवन सिंह के मार्गदर्शन में विकसित किया गया और अपने वर्ग में द्वितीय स्थान पर रहा।पिछले वर्ष भी ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने राज्य स्तरीय सीबीएसई साइंस एग्जीबिशन में जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान और सीनियर कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।इस वर्ष भी वही गौरव दोहराकर विद्यार्थियों ने विद्यालय को पुनः सम्मानित किया है।इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर अब विद्यालय के विद्यार्थी उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे, जो विद्यालय एवं पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और विज्ञान संकाय को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मेडिकल स्टोरों का किया औचक निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** औषधियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पीरूमदारा रामनगर क्षेत्र में औषधि निरीक्षक अर्चना द्वारा शनिवार को मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया।उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 03 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत प्रतिष्ठानों में अनियमितताएँ पाई गईं। 03 प्रतिष्ठानों को अनियमितताओं के संबंध में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान 06 औषधीय नमूने गुणवत्ता जांच के लिए गए।औषधि निरीक्षक द्वारा सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वह कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और संपूर्ण औषधि विक्रय केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही किया जाए।

# संस्कृत की अनुगूंज बनेगी नवपीढ़ी के उत्कर्ष का माध्यम

- नव पीढ़ी के स्वर में बसी संस्कृत, अद्भुत प्रतिभा का बच्चों ने दिया परिचय

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** राबाइका लोहाघाट में वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गीतांजलि सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश पाण्डे, विशिष्ट अतिथि राजू गड़कोटी, नीरज पंत, सचिन जोशी, कमलेश शक्टा, प्रधानचार्या नीता लोहनी आदि ने किया। इसके उपरांत समवेत स्वर में वैदिक मंत्रोच्चारण और 'शांति-पाठ' के साथ प्रतियोगिता का आगाज किया गया, जिसने सभागार को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

जनपद में आयोजित संस्कृत प्रतियोगिता महोत्सव ने शनिवार को शैक्षिक जगत में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। इस भव्य आयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने संस्कृत भाषा के विविध आयामों को अपनी प्रस्तुति में ऐसे साधा कि पूरा सभागार प्रशंसा से गूंज उठा। जनपद संयोजक वेद प्रकाश पंत ने



बताया कि प्रतियोगिता परिसर पूरे दिन उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक उमंग से सराबोर रहा। संच.ालन हरीश कलौनी, पंचदेव पाण्डे, राजू शंकर जोशी ने किया। प्रतिभागियों के उच्चारण, प्रवाह, भावाभिव्यक्ति और रचनात्मकता ने निर्णायकों को बेहद प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य संस्कृत अध्ययन को रोचक बनाना, इसके प्रयोग को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों की साहित्यिक क्षमताओं को पहच.ानकर उन्हें उच्च स्तर के अवसर उपलब्ध कराना है।

जनपद संयोजक वेद प्रकाश पंत, सह संयोजक सामश्रवा आर्य, चारों खंड संयोजक तथा भगवान जोशी ने विधिवत प्रतियोगिता को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

जनपद संयोजक वेद प्रकाश पंत ने सभी का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में जनप्रति.निधि मोहित पाठक, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ बी सी जोशी, नरेश राय, जगदीश सिंह अधिकारी आदि ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वित.रित किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खंड संयोजक राजू शंकर जोशी, गोपाल दत्त पंतोला, पंचदेव पाण्डे, कमल जोशी, भगवान जोशी तथा निर्णायक एवं अभिलेखीकरण में हेम पाण्डेय, हरिहर भट्ट, गोकुलानंद भट्ट, ललित मोहन,नवीन पुनेठा , प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, ओम प्रकाश जोशी, दीपा पाण्डेय, रमेश जोशी,नीरज जोशी, लीला कांडपाल, विद्यासागर लोहनी, नवीन जोशी, दिनेश जोशी, प्रदीप ढ़ेक, भुवन चंद्र पंत आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गवाहों के बयानों में विरोधाभास

## निचली अदालत से सजा पाए व्यक्ति को हाई कोर्ट से संदेह का लाभ, दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने महिला के साथ दुर्व्यवहार करने व आपराधिक धमकी देने के आरोप में निचली अदालत से सजा पाए व्यक्ति को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।



मामले के अनुसार टिहरी गढ़वाल निवासी संजय कश्यप को विशेष न्यायाधीश पाक्सो/जिला एवं सत्र न्यायाधीश टिहरी गढ़वाल ने एक महिला को अपमानित करने तथा जान से मारने की धमकी देने का दोषी ठहराया था। इस मामले में एक महिला ने कृष्णा उर्फ बासु जो कि संजय कश्यप का भतीजा है पर मई 2020 में उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा था। यह आरोप संजय कश्यप पर भी लगाया गया था लेकिन निचली अदालत से दोषसिद्धि केवल आईपीसी की धारा 504 तथा 503 व 509 में हुई थी।

निचली अदालत के आदेश को चुनौती देती संजय कश्यप की अपील की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि संजय कश्यप के खिलाफ दर्ज गवाहों के बयानों में जबरदस्त विरोधाभास है। पीड़िता की माँ ने कहा कि घटना में केवल वह ही घायल हुई थीं और उसका मेडिकल परीक्षण भी नहीं हुआ जबकि पिता ने कहा कि संजय और अन्य परिवार के सदस्यों ने उनकी पत्नी को पीटा था। पुलिस कांस्टेबल के अनुसार शिकायतकर्ता महिला ने केवल आरोपी कृष्णा के माता पिता द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की सूचना दी थी जिसमें उसके चाचा संजय कश्यप का कोई उल्लेख नहीं था। नाबालिग लड़की और उसकी माँ को संजय कश्यप द्वारा अपमानित किए जाने के बाद लड़की द्वारा जहर (फिनाइल) खाने और अस्पताल में भर्ती होने के दावे को भी न्यायालय ने अविश्वसनीय पाया। अदालत ने पाया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में न तो जहर खाने और न ही अस्पताल में भर्ती होने का उल्लेख था। इसके अलावा लड़की के पिता ने बताया कि पीड़िता के उल्टी वाले कपड़े पुलिस को दिखाए गए थे लेकिन मेडिकल गवाह ने कहा कि जांच के समय पीड़िता के कपड़ों पर उल्टी का कोई निशान नहीं था। इन गंभीर विरोधाभासों और गवाहों द्वारा हर चरण पर अपने बयान को बेहतर बनाने की प्रवृति को देखते संजय कश्यप की दोषसिद्धि के आदेश को रद्द कर दिया।

# एमआईपी आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के जनरल सर्जरी विभाग द्वारा कॉलेज परिसर स्थित लेक्चर थियेटर में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य न्यूनतम आक्रामक प्रॉक्टोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारियों को साझा करना और इसका महत्व समझाना था।

सेमिनार में जनरल सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. श्वेताभ प्रधान ने न्यूनतम आक्रामक प्रॉक्टोलॉजी (एमआइपी) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीक है, जिसमें पारंपरिक ओपन सर्जरी के मुकाबले छोटे चीरे या बिना चीरे के गुदा, मलाशय आदि से संबंधित विभिन्न रोगों का इलाज किया जाता है। डा. प्रधान ने आगे बताया कि न्यूनतम आक्रामक प्रॉक्टोलॉजी के तहत एंडोस्कोपिक प्रॉक्टेक्टॉमी जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

इसके अलावा, डा. प्रधान ने ट्रांसएनल मिनिमली इनवेसिव सर्जरीके बारे में भी बताया, जिसमें गुदा मार्ग से विशेष उपकरणों की मदद से ट्यूमर हटाए जाते हैं या फिस्टुला की मरम्मत की जाती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने इस सेमिनार की सराहना की। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य के चिकित्सकों के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। सेमिनार में डा. पंकज वर्मा, डा. परमजीत सिंह, डा. प्रभात पंत, डा. उत्कर्ष, डा. कुणाल सहित पीजी और एमबीबीएस के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एक नजर...

### लोगों पर कमेंट करना बाबा को भारी पड़ गया

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में सार्वजननिक स्थान पर लोगों को कमेंट करना बाबा को महंगा पड़ गया। पुलिस ने हिरासत में लेकर बाबा के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल में एक बुजुर्ग बाबा के वेष में घूम रहा व्यक्ति लोगों को गंदे कमेंट कर रहा था। कई लोगों को कमेंट पास करने पर लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस व्यक्ति से पूछताछ करने के लिए उसको चौकी ले आई। जहां उसने कुछ भी बताने से मना कर दिया। जिसके बाद पुलिस उसको थाने ले आई। कार्रवाई की बात पर व्यक्ति ने अपना नाम व पता पुलिस को बता दिया। तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि तल्लीताल निवासी चंद्रगिरी के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई करने के बाद सख्त हिदायत देते हुए उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### स्कूटी रपटने से तमिलनाडु का पर्यटक घायल

**नैनीताल।** स्कूटी रपटने से तमिलनाडु से घूमने आए पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के बाद पर्यटक को छुटी दे दी है। जानकारी के अनुसार तमिलनाडु से श्रीधरण अन्य पांच दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आये थे। यहां आकर शनिवार को सभी दोस्तों ने टैक्सी स्कूटी किराये पर ली और वह घूमने के लिए चले गए। इस दौरान चढ़ाई में उसकी स्कूटी बंद हो गई और स्कूटी पीछे की ओर रपट गई। जिसके चलते वह सड़क पर जा गिरे और घायल हो गये। उसके दोनों हाथों व पैर में चोट लग गई। जिसके बाद उसके साथ उसको तुरंत राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आये। जिला अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डा. द्रौपदी गर्बियाल ने बताया कि पर्यटक का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई है।

### भवाली में आरएसएस का जन संपर्क कार्यक्रम

**नैनीताल।** भवाली के मुख्य बाजार में भारत माता मंदिर परिसर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जन जागरण संपर्क कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष खजान, नगर संचालक शेर सिंह समेत कैलाश सिंह, मनीष, सौरभ, प्रधानाचार्य पवन शर्मा, हरिशंकर कांडपाल, महेश जोशी, कंचन शाह, प्रमोद, राजा शाह, अनुराग आदि उपस्थित हुए। भारत माता मंदिर तथा देवी मंदिर भवानी में प्रपत्र अर्पित करते हुए आसपास की विभिन्न परिवारों में जनसंपर्क कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### विश्व मत्स्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मत्स्य दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, इंटर्न्स और स्थानीय मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक मत्स्य पालन तकनीकों और स्वरोजगार के नए अवसरों से अवगत कराना था। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के 'लैब टू विलेज' दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शोध को किसानों तक पहुँचाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने बायोफ्लॉक और आरएएस तकनीकों के जरिए उत्तराखण्ड को मत्स्य उत्पादन में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की संभावना पर जोर दिया। कार्यक्रम में डा. विशाल दत्ता और डा. लुकराम इंगोचोबा ने जलीय कृषि तकनीकों और उद्यमिता पर विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि प्रो. आरएस बिष्ट, प्रो. धमेन्द्र राठौर और प्रो. एसएस बर्गली भी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन प्रो. हरीश चन्द्र सिंह बिष्ट ने किया।

### धारी के ग्राम अगरिया में बाघ का आतंक

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी विकासखंड के ग्राम सभा अगरिया मे इन दिनों बाघ का आतंक हुआ है जिसकी वजह से क्षेत्रवासी खासे दहशत में हैं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक बाघ रात के साथ ही दिन में भी नजर आ रहा है जिसकी वजह से कई लोगों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना तक बंद कर दिया है। बाघ ने दो मवेशियों को भी अपना निवाला बना दिया है। गांव के सरपंच अजय कुमार ने बताया कि वन विभाग को जानकारी दें दी है लेकिन अभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कहा कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चे पांच किलोमीटर पैदल धानाचूली स्कूल जाते हैं। विद्यालय जाना बंद हो गया है।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के लिए चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पश्चिमी खेड़ा मां कालिका होमस्टे के सामने ढाबे से आरोपी प्रकाश गोस्वामी पुत्र लाल नाथ निवासी कुसुमखेड़ा बिठोरिया नंबर 1 थाना मुखानी को 72 पाउच अवैध स्पेशल देसी शराब की तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### जाम लगाने वाले ठेलों पर हो सख्त कार्रवाई

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने बाजार क्षेत्रों मे ठेले और सड़कों पर जाम लगाने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग की है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पूरे बाजार क्षेत्र और अन्य भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में इनकी वजह से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है और कुछ कहने पर यह लोग लड़ाई पर उतारू हो जाते है। कहा कि शहर की सुंदरता के लिए सभी ठेले वालो को नगर निगम सिर्फ वेंडिंग जोन में जगह दे जिससे आमजन को राहत मिल सके।

# पहाड़ों के जैविक शहद व मसालों की दुनिया में है मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पहाड़ों के शहद व मसालों की जैविक तरीके से पैदावार करने के चलते पूरी दुनिया में खूब मांग है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर किसान वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर शहद व मशालों की पैदावार करेंगे तो वह बहुत लाभ कमा सकते हैं। बता दें पटवाडांगर में आयोजित पांचवें बायोटेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव में पहुंचे जीबी पंत कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति डा. मनमोहन सिहं चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की जलवायु जैव प्रौद्योगिकी के नजरिये से बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य की विविध भौगोलिक इसे जैव विविधता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाती है। जिसके चलते यहां जैविक तरीके से पैदा होने वाले शहद, मोटा आनाज व मशालों की गुणवत्ता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि विशेष गुणवत्ताओं के चलते देश से विदेशों तक यहां के शहद व मशालों की बड़ी मांग है। जिसका मूल्य अन्य शहदों से दो से चार गुना ज्यादा है। बताया कि विदेशों में पहाड़ों का जैविक शहद 10 हजार रुपए से ज्यादा मूल्य पर बिकता है लेकिन पुरानी तकनीकों से हो रही खेती के चलते किसान ज्यादा पैदावार नहीं कर पाते। कहा कि अगर किसान वैज्ञानिक तकनीक से मधुमखी पालन व किसानी करेंगे तो उनकी अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।



# भाजपा शासन की विफलताएं बताएगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के आह्वान पर शनिवार को नैनीताल जिले की भीमताल विधान सभा के रामगढ़ बलाक के गैहना ग्राम सभा के दुरुस्त क्षेत्र सनैडा में पार्टी की रामगढ़ ब्लॉक की अध्यक्ष सीमा आर्य के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में सर्वप्रथम बाबा डा. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर यशोदा महिला संगठन की महिलाओं द्वारा जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट का भव्य स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने प्रदेश की सत्तासीन भाजपा सरकार की विफलताओं को महिलाओं के समक्ष विस्तार से रखा। कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आयी है तब से लेकर आज तक पलायन सबसे बढ़ी समस्या बनकर हमारे सामने आ गयी है, बोली बेरोजगारी महामारी की तरह फैल रही है। महिला हिंसा का ग्राफ दिनों दिन देवी भूमि उत्तराखंड में बढ़ रहा है। कहा कि जब उपनल कर्मियों तथा अन्य कर्मियों की ओर से अपनी मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है तो सरकार तुरंत एस्मा लागू कर दे रही है जो बेहद चिंतनीय है। कहा कि दूर-दूर तक विकास दिखाई नहीं दे रहा है। पहाड़ के लोग आज अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी से आने वाले विस चुनाव के लिए एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर बलाक अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सीमा आर्य ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन पूर्व प्रधान सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार ने किया। इस दौरान शांति तिवारी, अंजली, जया कपिल, पूजा देवी, मुन्नी, प्राची, प्रियांशी, आशा, ललिता, लक्ष्मी, सरोजनी, गोविंदी, संगीता, भावना, प्रियंका, रोशनी, प्राची आर्या, संतोषी, बबीता, जीवंती समेत सहित कई पार्टी कार्यकत्री मौजूद रही।

# मोबाइल से हो रहा 'डिजिटल आई स्ट्रेन'

## विशेषज्ञ से जानिए आंखों को मोबाइल की ब्लू लाइट से बचाने के उपाय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मोबाइल के अत्यधिक उपयोग करने की आदत लागों की आंखों को नुकसान पहुँचा रहा है जिससे लोग डिजिटल आई स्ट्रेन की चपेट में आ रहे हैं। वहीं देर रात मोबाइल का उपयोग लोगों की नीद को भी प्रभावित कर रहा है जिससे वह अन्य बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। बता दें कि वर्तमान जीवन शैली में हर कोई मोबाइल का उपयोग कर रहा है। लोग मोबाइल में बात करने के साथ सोशल मीडिया में वीडियो देखते हैं लेकिन मोबाइल के ज्यादा उपयोग के चलते लोग आखों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दीपिका लोहनी ने बताया कि वर्तमान में लोग मोबाइल से ही कई कार्य करते हैं। जिसके चलते कई घंटे वह मोबाइल पर ही बिता देते हैं। ऐसे में आंखों में थकान, सूखापन तथा धुंधली दृष्टि व सिरदर्द और गर्दन व कंधे में दर्द हो सकता है। यह समस्या स्क्रीन की बलू लाइट के कारण और बिना रुके स्क्रीन पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने से होती है जिससे पलकें झपकाने की दर कम हो जाती है और आंखें सूख जाती हैं। डा.लोहनी ने बताया कि रोजाना ऐसे कई मरीज जिला अस्पताल पहुंचते हैं जिनको उपचार व सलाह दी जाती है। नेत्र विशेषज्ञ डा. दीपिका लोहनी के मुताबिक डिजिटल आई स्ट्रेन लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों की मांसपेशियों पर जोर पड़ता है। इसके साथ ही आंखों का सूखापन, लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में नमी कम होती है। लंबे समय तक मोबाइल देखने से दृष्टि धुंधली हो सकती है। बताया कि आँखों पर पड़ने वाले दबाव के कारण सिरदर्द हो सकता है। कहा कि मोबाइल के ज्यादा उपयोग से निकट दृष्टि दोष हो सकता है। डा. दीपिका लोहनी ने बताया कि मोबाइल की बलू लाइट से बचने के लिए 20-20-20 नियम का पालन करना चाहिए। बताया कि हर 20 मिनट में, 20 सेकंड के लिए पलकें झपकें और 20 फीट दूर किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करें, साथ ही मोबाइल की स्क्रीन की ब्राइटनेस एडजस्ट करें जो कमरे की रोशनी के अनुकूल हो। साथ ही प्रतिदिन 2 घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम से बचें। सही दूरी और पोस्चर बनाए रखें। रात को 8 घंटे की नींद लें। इसके अलावा आंखों को धूल व गंदगी से बचाएं। साथ ही हरी सब्जी, गाजर व फलों का सेवन करें। दिक्कत होने पर डाकटरी सलाह जरूर लें।



# संघ भवन में हुआ सुंदरकांड



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल विकास निगम संयुकत कर्मचारी महासंघ की ओर से शनिवार को सूखाताल स्थित संघ भवन में सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया। महासंघ की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या रही। सुंदरकांड पाठ की वजह से क्षेत्र का वातावरण भी भकतिमय बना रहा। सुंदरकांड पाठ के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महासंघ के अध्यक्ष मंजुल प्रकाश सनवाल, महामंत्री रमेश चंद्र पंत समेत राज्य आंदोलनकारी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र गुरुरानी, पीतांबर दुम्का, संतोष पंत, कैलाश जोशी, रुपा रावत, प्रभा, रवि मेहरा, रवि साह, हिम्मत सिंह बिष्ट, भगवती लोहनी, माया पंत, देवकी अधिकारी, मधु शर्मा, रजनी बिष्ट, बीना कर्नाटक, पंकज रौतेला, शिवम शर्मा, भगवत सिंह, चंदन सिंह, अमर साह समेत विधायक प्रतिनिधि हरीश सिंह राणा रहे।

# बेहतर पुलिसिंग के लिए 25 पुलिस कर्मियों की एसएसपी ने पीठ थपथपाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में बेहतर पुलिसिंग करने में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वाले 25 कार्मिकों को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें एसओ तल्लीताल थाने के मनोज नयाल व एएसआई सुनील कुमार समेत प्रभारी निरीक्षक भवाली प्रकाश मेहरा, एसएसआई दीपक बिष्ट ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा, एसआई रविन्द्र राणा थाना काठगोदाम, एसआई सुनील धानिक चौकी प्रभारी पीरूमदारा, एसआई सुनिता कुंवर प्रभारी महिला हैल्पलाईन, एएसआई यातायात प्रकाश सिंह नगरकोटी यातायात सैल हल्द्वानी, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन थाना रामनगर, प्रेम नेगी थाना भीमताल, मंजीत सिंह थाना चोरगलिया, गणेश राम पुलिस लाईन नैनीताल, कांस्टेबल योगेश कुमार थाना काठगोदाम, भूपेन्द्र सिंह जेष्ठा एसओजी, संतोष बिष्ट एसओजी, राजेन्द्र जोशी चौकी भुजियाघाट, दीपक जोशी चौकी भुजियाघाट, धर्मेन्द्र साहनी चौकी ज्योलिकोट, नरेन्द्र धामी साईबर सैल, बलवंत सिहं थाना मुखानी, सुरेन्द्र नैनवाल थाना बनभूलपुरा, विरेन्द्र गोले थाना भीमताल, विनोद कुमार सूचना सैल हल्द्वानी, सुनील टम्टा पुलिस लाइन सामिल हैं।




### टेनिस टूर्नामेंट का आगाज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित न्यू क्लब में न्यू क्लब ओपन लॉन टेनिस टूर्नामेंट शुरु हो गया है। प्रतियोगिता के संयोजक अमर जगाती तथा वीरेन्द्र साह ने बताया कि प्रतियोगिता में नैनीताल व हल्द्वानी की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया, प्रत्येक टीम में 6 सदस्य थे। रविवार (आज) प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा। खबर लिखे जाने तक टीम शिवेश्वर राज 12 अंकों साथ प्रथम स्थान पर हैं। मैच की अंपायरिंग योगेश साह व कमलेश तिवारी द्वारा की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ न्यू क्लब के वरिष्ठ सदस्य राजीव लोचन साह द्वारा किया। न्यू क्लब के सचिव रितेश साह ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय स्तर पर लॉन टेनिस को प्रोत्साहित करे हेतु हर वर्ष न्यू क्लब द्वारा आयोजित की जाती हैं।

# सबके दुलारे थे मुलायम सिंहः मतीन सिद्दीकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मन्त्री व उप्र के 3 बार मुख्य मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयन्ती उत्तराखाण्ड सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी के कार्यालय 17-आज़ाद नगर में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तदुपरांत विचार गोष्ठी में अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने मुलायम सिंह यादव के बारे में कहा कि हज़िंदा है अभी तक वो ख़ुद अपनी विरासत में, आते हैं नज़र हमको वो अखिलेश की सूरत में, रोशन हैं सभी जिससे वो ऐसे उजाले थे, था नाम मुलायम सिंह वो सबसे निराले थे, हिन्दुओं के वो प्यारे थे, मुस्लिमों के वो दुलारे थे। श्री सिद्दीक़ी ने कहा कि मुलायम सिंह किसानों, व्यापारियों, छात्रों, कर्मचारियों, दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के सबसे बड़े हितैषी थे। आज अखिलेश यादव उनके कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ आगे लेकर चल रहे हैं। विचार गोष्ठी में से जावेद सिद्दीकी, जावेद मिकरानी, अलीम अंसारी, उमैर मतीन, रेहान मलिक, अरशद अय्यूब, नईम सलमानी, इस्लाम सिद्दीकी, संजय गुप्ता, इस्लाम मिकरानी, आसिम सिद्दीक़ी, नासिर हुसैन, अनवर हुसैन, दीपक अग्रवाल, कलीम टोनी, वक़ार अहमद, समीर मिकरानी, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद ताज़ीम, शकील अंसारी, एडवोकेट जावेद अहमद, बबलू सिद्दीकी, रेहान क़ुरैशी, मेराज ख़ान, फ़रहत, इमरान मिकरानी, अथर खान, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद, मो. खालिद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



87वीं जयंती पर सपा के फाउंडर को श्रद्धांजलि

# आयुर्वेद पर कुविवि के प्राध्यापक प्रो. तिवारी का लेक्चर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी ने मेडिसिनल प्लांट्स इन आयुर्वेद एवं इथेनॉबोटेनी विषय पर सीसीआरएएस रानीखेत में व्याख्यान दिया। प्रो. तिवारी ने कहा के आयुर्वेद में 2000 तथा एथेनाबोटनी में 7000 पादप प्रजातियों का प्रयोग मिलता है। आयुर्वेद भारतीय संस्कृति का द्योतक तथा 5000 वर्षों से उपयोग में है। प्रो. तिवारी ने आयुर्वेद तथा एथेनाबोटनी पादप प्रजातियों का उल्लेख किया। कहा कि 2050 तक मेडिसिनल प्लांट का कारोबार 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है जो प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सेक्टर जॉब देने में भी माकूल है। इसकी खेती की जरूरत है जिसके लिए पॉलिसी बनाना जरूरी है। पूर्व निदेशक डा. शेर सिंह सामंत ने कहा कि जैव विविधता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। डा. सामंत ने च्यवनरास तथा एलोवेरा एगिलोय पर व्यापक प्रकाश डाला। पूर्व प्रभारी डा. जीसी जोशी ने कहा कि ज्ञान का संकलन जरूरी है। ये भारत की पहचान है।



# ऑलसेंट्स ने जीती फुटबॉल ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएसए नैनीताल द्वारा आयोजित नैनीताल बैंक और कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा प्रायोजित कैलाश सिंह बिष्ट मेमोरियल महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में ऑलसेंट्स कॉलेज नैनीताल ने सैनिक स्कूल नैनीताल को 2-0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। बता दें इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने प्रतिभाग किया।



महिला सशक्तिकरण को दर्शाती इस प्रतियोगिता में सभी महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि नैनीताल बैंक के सीईओ सुशील कुमार जबकि विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल एवं भाजपा महिला मोर्चे की अध्यक्ष कविता गंगोला थी। स्वर्गीय कैलाश सिंह बिष्ट की पत्नी विनीता बिष्ट ने इस प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों को विशेष रूप से आशीर्वाद देने पहुंची। समापन समारोह में नैनीताल नगर के पालिका का सभासदों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस आयोजन में नैनीताल शहर के सभी वर्तमान एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने आतिथ्य स्वीकार किया। खिलाड़ियों को ट्राफीयां और मैडल के साथ अल्फा स्पोर्ट्स और पतंजलि पुरस्कार भी प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में आल सेंट्स की नन्दिनी बिष्ट को मैंन आफ द टूर्नामेंट दिया गया जबकि खीमराज देउपा ने अपने पिताजी की याद में सेन्टमैरी की कोमल मेहरा को उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया। रैफरी ब्रिजेश बिष्ट तथा अबाबस, अनिल रावत थे। आयोजन में डीएसए नैनीताल के महासचिव अनिल गढ़िया समेत डा. मनोज सिंह बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, लीला सिंह बिष्ट, पवन खनायत, शैलेंद्र बर्गली, खीमराज देउपा, खजान सिंह डंगवाल, लाल सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह बिष्ट, विनय शाह, संतोष कुमार, बालम मेहरा तथा सैकड़ों खेल प्रेमी जनता ने अपनी उपस्थिति दी। संचालन हेमंत बिष्ट व दीपक कुमार ने किया। अंत में आयोजन समिति डीएस ए नैनीताल की ओर से सभी प्रधानाचार्यो, खिलाड़ियों तथा शहर की खेल प्रेमी जनता, पत्रकार बंधुओं, प्रशासन व नगर पालिका एवं अपनी कमेटी का विशेष धन्यवाद किया गया।

# कई गांवों में आज भी टावर नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों मौना, बाना तथा लोचुसानी में संचार सुविधाएं नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बीएसएनएल के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने की मांग की है। बता दें कि नैनीताल से लगभग 30 किलोमीटर दूर नाइसिला ग्रामसभा के मौना, बाना तथा लेचुसानी तोक सड़क से तो जुड़ गए लेकिन यहां के लोगों को आज तक क्षेत्र में संचार सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। लोगों ने मोबाइल तो खरीद लिए लेकिन सिग्नल न होने से मोबाइल डिब्बे के समान हैं जिससे यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में शिक्षा, रोजगार तथा स्वाथ्य सेवाएं व सरकारी योजनाएं नेटवर्क पर निर्भर है लेकिन नेटवर्क की उपलबधता नहीं होने से यहां के लोग तकनीकी व सूचना के युग से वंचित हैं। नाइसिला के ग्राम प्रधान प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि पूर्व में लोचूसानी क्षेत्र में एक टावर स्वीकृत हुआ था लेकिन यहां जनसंख्या कम होने के कारण वह टावर स्थापित नहीं किया जा सका। उन्होंने बीएसएनएल के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप कहा कि बाना तोक में पर्याप्त आबादी होने के साथ साथ टावर के लिए उपयुक्त स्थान भी मुहैया है।



